आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 26.01.2026
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- देशभर में आज हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है गणतंत्र दिवस। नई दिल्ली में आयोजित मुख्य समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने तिरंगा फहराया।
- गणतंत्र दिवस पर देहरादून के परेड मैदान में आयोजित मुख्य समारोह में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने ली परेड की सलामी।
- केंद्र सरकार ने 2026 के लिए पद्‌म पुरस्कारों की घोषणा की। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी को पद्‌म भूषण से किया जाएगा सम्मानित।
- गणतंत्र दिवस पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले राज्य कर्मियों को सम्मानित किया गयझं

गणतंत्र दिवस

आज देश 77वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नई दिल्ली में कर्तव्य पथ से समारोह का नेतृत्व किया और परेड की सलामी ली। यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला लॉन डेर लेयेन और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो लुइस सैंटोस दा कोस्टा इस गौरवशाली लम्हे के साक्षी बन रहे हैं। प्रदेशभर में भी गणतंत्र दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। देहरादून के परेड मैदान में गणतंत्र दिवस के राज्यस्तरीय मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने झंडा फहराया और परेड की सलामी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी मौजूद रहे। इसके साथ ही समारोह में विभिन्न विभागों की झाकियां भी निकली गईं। विधान सभा अध्यक्ष ऋतु भूषण खंडूडी ने विधानसभा परिसर और मुख्यमंत्री ने सीएम आवास में झंडा फहराया। इस दौरान विभिन्न जिलों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों, शिक्षकों और समाजसेवियों को भी सम्मानित किया गया।

राज्यपाल

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत हर क्षेत्र में विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

राज्यपाल ने कहा कि भारत की प्रगति यात्रा में देवभूमि उत्तराखंड भी पूरे सामर्थ्य से सहभागी बना है। राज्य में आधारभूत ढांचे, सड़क, रेल, एयर कनेक्टिविटी, डिजिटल सेवाओं और निवेश के क्षेत्र में शानदार कार्य हुए हैं। केंद्र सरकार और राज्य सरकार के समन्वय से प्रदेश आज तेजी से विकास के नए आयाम छू रहा है। राज्यपाल ने कहा कि योग और आयुर्वेद राज्य की आत्मा हैं। राज्य को योग–भूमि और वेलनेस हब के रूप में विकसित किया जा रहा है। देवभूमि उत्तराखंड को हमने अध्यात्म का वैश्विक केंद्र बनाने का संकल्प लिया है।

कहा कि उत्तराखंड की मातृशक्ति और हमारी बेटियां शिक्षा, सेना और खेल के मैदान से लेकर उद्यमिता तक, हर क्षेत्र में अपनी सफलता का परचम लहरा रही हैं। यूसीसी के माध्यम से उत्तराखंड ने अपनी माताओं, बहनों और बेटियों को सुरक्षा और समानता का कानूनी कवच दिया है। प्रदेश में तकनीक का उपयोग प्रशासनिक पारदर्शिता, आपदा प्रबंधन, स्वास्थ्य सेवाओं और शिक्षा में तेजी से बढ़ रहा है।

गणतंत्र दिवस

राज्य में आज गणतंत्र दिवस पूरे हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाया जा रहा। राजधानी देहरादून सहित राज्य के सभी जिलों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया और गणतंत्र दिवस परेड का आयोजन हुआ।

वहीं, विद्यालयो में स्कूली बच्चों ने देशभक्ति से ओत–प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

हरिद्वार, नैनीताल, अल्मोड़ा, पौड़ी गढ़वाल, टिहरी गढ़वाल, उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़, चंपावत, बागेश्वर और उधम सिंह नगर जिलों में भी जिला मुख्यालयों पर झंडा फहराया गया और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्वतंत्रता सेनानियों और उनके परिजनों को सम्मानित किया गया, वहीं उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों और नागरिकों को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर राज्यभर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। कार्यक्रमों के दौरान देशभक्ति के नारों और गीतों से वातावरण देशप्रेम से सराबोर रहा।

मुख्यमंत्री संदेश

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गणतंत्र दिवस पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा यह अवसर हमें स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों को साकार करने और अपने लक्ष्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी की जिम्मेदारी है कि संविधान के उद्देश्यों के अनुरूप न्याय, स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे के मूलभूत लोकतांत्रिक आदर्शों के प्रति सदैव प्रतिबद्ध रहें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य हो रहे हैं। सशक्त, समृद्ध, आत्मनिर्भर और विकसित भारत के लिए हम सभी को अपने दायित्वों का निर्वहन करना है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में राज्य सरकार द्वारा राज्य के समग्र विकास के लिए हर क्षेत्र में तेजी से कार्य किए जा रहे हैं।

कोश्यारी को पद्म भूषण

केंद्र सरकार ने वर्ष 2026 के लिए पद्म पुरस्कारों की घोषणा कर दी गई है। गृह मंत्रालय की ओर से जारी 131 लोगों की सूची में उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी को सार्वजनिक जीवन के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए पद्म भूषण दिया जाएगा। श्री कोश्यारी ने पद्म भूषण सम्मान प्रदान के लिए केंद्र सरकार, राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उनका नहीं बल्कि पूरी जनता का है, जिन्होंने उन्हें अपना आशीर्वाद दिया।

पूर्व मुख्यमंत्री को पद्म भूषण मिलने की घोषणा पर बागेश्वर जिले कपकोट से गांव तक खुशी की लहर है। वहीं हरियाणा हैंडलूम को विदेशों तक पहुंचाकर हैंडलूम को वैश्विक पहचान दिलाने वाले पौड़ी जिले के सुमाड़ी के मूल निवासी खेमराज सुंदरियाल  को "पद्म श्री दिया जाएगा। बागेश्वर जिले के कांडा तहसील क्षेत्र के खंतोली गांव के मूल निवासी कैलाश चंद्र पंत को भी पद्मश्री सम्मान मिला है। वर्तमान में मध्य प्रदेश के महू में रहने वाले पंत को पद्म सम्मान मिलने से क्षेत्र में खुशी की लहर है और उनकी उपलब्धि पर ग्रामीणों ने गांव में मिठाई बांटकर जश्न मनाया।

सम्मान

गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस, अग्निशमन, होमगार्ड, सिविल डिफेंस और सुधारात्मक सेवाओं में उत्कृष्ट कार्य के लिए उत्तराखंड के 12 कर्मियों को वीरता और सेवा पदकों से सम्मानित किया गया। विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक से उत्तराखंड पुलिस के महानिरीक्षक योगेंद्र सिंह रावत को सम्मानित किया गया है। सराहनीय सेवा के लिए पदक के अंतर्गत सुधारात्मक सेवा से हेड वार्डन बीरबल यादव को सम्मान मिला है। पुलिस सेवा में इंस्पेक्टर ज्योति चौहान, पुलिस उपाधीक्षक प्रबोध कुमार घिल्डियाल, शिवराज सिंह, इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र और असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर साजिद अली को सराहनीय सेवा के लिए पदक दिया गया। अग्निशमन सेवा से लीडिंग फायरमैन मुकेश कुमार पोखरियाल और गिरीश चंद्र लोहानी को सम्मानित किया गया है। वहीं होमगार्ड और सिविल डिफेंस सेवा से सेक्टर वार्डन मीना मोहन शर्मा और डिप्टी डिविजनल वार्डन रविंद्र मोहन काला को पदक प्रदान किया गया है। इसके अलावा सीबीआई देहरादून ब्रांच के इंस्पेक्टर धर्मेंद्र को भी सराहनीय सेवा के लिए पदक से सम्मानित किया गया।